Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 80 ▫ रायपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करने से पहले पीएम का रोड शो, लोगों में उत्साह



**नई दिल्ली, 14 अप्रैल ( न्यूज चैनल )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहारनपुर पहुंचकर दिल्ली-देहरादून द्रुतमार्ग का उद्घाटन करेंगे। गणेशपुर में उतरकर डाट काली मंदिर में पूजा करेंगे और देहरादून में जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले वह रोड शो कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब एक किमी तक रोड शो करने के बाद एलिवेटेड रोड के निरीक्षण के लिए रवाना हो गए हैं। ले बाय से पहले एनएचएआई द्वारा लगाई गई इस वन्य जीव गलियारे की प्रदर्शनी का उन्होंने अवलोकन किया। यहां से उन्होंने जंगल के नजारों को भी देखा। इसके बाद प्रधानमंत्री अपने काफिले के साथ डाट काली मंदिर के लिए रवाना हो गए। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी प्रधानमंत्री के साथ डाट मंदिर पहुंचे हैं। वहां प्रधानमंत्री काली माता की पूजा अर्चना के बाद रोड शो करते हुए देहरादून महेंद्रा मैदान की जनसभा के लिए रवाना होंगे।

### इस्लामाबाद असफल तो अब जिनेवा में हो सकती है अगली बैठक, दावा-तैयारी में जुटे अमेरिका-ईरान

**नई दिल्ली, 14 अप्रैल ( न्यूज चैनल )।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के चलते संकट गहराता जा रहा है। बीते दिनों इस्लामाबाद में हुई शांति वार्ता के असफल होने के बाद हालात और अधिक जटिल हो गए हैं, जिससे वैश्विक चिंता बढ़ गई है। हालांकि अब एक बार फिर दोनों देशों के बीच नई बातचीत की संभावना जताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पिछली



विफलता के बावजूद कूटनीतिक चैनल सक्रिय हैं और अगली शांति वार्ता की तैयारी तेज हो गई है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या यह नया प्रयास तनाव को कम कर पाएगा या टकराव और बढ़ेगा? रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों देश इस हफ्ते के अंत तक फिर से आमने-सामने बैठ सकते हैं। यह बातचीत उस दो हफ्ते के अस्थायी युद्धविराम (सीजफायर) से पहले हो सकती है, जो 21 अप्रैल को खत्म होने वाला है।रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अगली बातचीत के लिए जिनेवा को सबसे संभावित जगह माना जा रहा है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि पिछली बार जैसी ही उच्च स्तरीय टीम इसमें शामिल होगी या नहीं।




**चूहा- नितिश कुमार ने आज अलविदा कहने के लिए आखिरी केबीनेट मिटिंग बुलाई।**
**चुहिया- हां जी, उनको तो पीएम मोदी का दर्दे-ए-मोहब्बत सहना है।**

## मिनी हाइवा और ट्रक में हुई आमने-सामने भिड़ंत

# गंभीर रूप से घायल तीन लोगों ने अस्पताल में तोड़ा दम



**रायपुर/अभनपुर, 14 अप्रैल ( हाईवे चैनल )।** थाना गोबरा नवापारा क्षेत्र में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, नवापारा-अभनपुर मुख्य मार्ग स्थित बजरंगपुर टोल नाका के पास रात करीब 1:30 बजे तेज रफ्तार मिनी हाइवा और ट्रक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और उनमें सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल होकर वाहनों में ही फंस गए। सूचना मिलते ही गोबरा नवापारा पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोबरा नवापारा पहुंचाया। अस्पताल में उपचार के दौरान तीनों ने दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान भागवत राम साहू (65) निवासी ग्राम पारागांव, सुमित यादव (19) निवासी ग्राम नवागांव (कुरूद, धमतरी) और दीपक पटेल (22) निवासी ग्राम कातलबोड़ (कुरूद, धमतरी) के रूप में हुई है। फिलहाल, पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सामाजिक न्याय और समानता के महान शिल्पी डॉ. भीमराव आंबेडकर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया नमन

### बाबा साहेब के विचारों से प्रेरित होकर हम समतामूलक और सशक्त समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 14 अप्रैल ( हाईवे चैनल )।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर सामाजिक न्याय, समानता और मानव अधिकारों के सशक्त प्रहरी थे। उन्होंने अपने पूरे जीवन को समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया और एक ऐसे भारत की नींव रखी, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर और सम्मान प्राप्त हो।



मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन हमें यह सिखाता है कि शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार बाबा साहेब के आदर्शों और सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए समाज के हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं समाज के अंतिम छोर तक विकास और अवसरों की समान पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रदेश का हर नागरिक शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में सशक्त बने और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़े। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे बाबा साहेब आंबेडकर के विचारों और मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करें तथा एक न्यायपूर्ण, समरस और सशक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## राजधानी में 35 लाख की हवाला ठगी: वीआईपी रोड पर नोट के सीरियल नंबर से रचा गया खेल, आरोपी फरार

**रायपुर, 14 अप्रैल ( हाईवे चैनल )।** राजधानी रायपुर में हवाला नेटवर्क के जाल में फंसाकर 35 लाख रुपये की बड़ी ठगी का मामला सामने आया है। इस ठगी का शिकार मुंबई के एक हवाला कारोबारी का कर्मचारी हुआ है। ठगों ने नोट के सीरियल नंबर से भरोसा जीतकर उसे दूसरी जगह बुलाया और वीआईपी रोड पर 35 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। यह घटना वीआईपी रोड की है। मामले में तेलीबांधा थाना में अपराध दर्ज कर लिया गया है और पुलिस जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, तेलीबांधा थाना में मुंबई के हवाला कारोबारी के कर्मचारी ने अज्ञात ठग के खिलाफ हवाला कारोबार की रकम ट्रांसफर करने के नाम पर 35 लाख रुपये की ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हवाला रकम लेने पहुंचे तीसरी पार्टी ने नोट का गलत नंबर देकर कारोबारी के कर्मचारी को ठगी का शिकार बनाया। जिन मोबाइल नंबरों से संपर्क किया गया था, उन्हें ट्रेस कर पुलिस आरोपी की पहचान करने में जुटी है।

मुंबई के बांद्रा ईस्ट निवासी करण शर्मा ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, हवाला कारोबारी ने अपने कर्मचारी को एक पार्टी से 35 लाख रुपये लेने भेजा था। इसके बाद उसे दूसरी पार्टी को रकम देने के लिए कहा गया, और फिर दूसरी पार्टी ने तीसरी पार्टी को पैसे देने के निर्देश दिए। तीसरी पार्टी को रकम देने के लिए 20 रुपये के नोट का सीरियल नंबर साझा किया गया था, लेकिन वह नंबर लीक हो गया। इसका फायदा उठाकर आरोपी ने सीरियल नंबर में फेरबदल कर गलत नंबर बताया और 35 लाख रुपये लेकर फरार हो गया।

## नोएडा में कर्मचारियों के प्रदर्शन में फिर हुआ बवाल, सेक्टर 80 में पत्थरबाजी

**नई दिल्ली, 14 अप्रैल ( न्यूज चैनल )।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर कल हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद नोएडा के फेज 2 में प्रदर्शनकारी आज फिर से जमा हो गए। उन्होंने पत्थरबाजी की है। हालात को काबू में करने के लिए यहां पुलिस तैनात कर दी गई है। प्रदर्शनकारियों को मौके से हटाया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, फेज 2 के



सेक्टर 80 इलाके में सुबह नौ बजे पथराव किया गया था। यहां पथराव करने वालों पर लाठीचार्ज किया गया, तब भीड़ हटी। बताया जा रहा है कि गुरु अमरदास इंटरनेशनल कंपनी में यह पथराव हुआ था। नोएडा फेज 2 में अराजकता का माहौल है। लोग चोरी छिपे अराजकता फैला रहे हैं। वहीं, सब-इंस्पेक्टर माता प्रसाद गुप्ता ने बताया कि कुछ शरारती तत्वों ने पत्थर फेंके हैं। जो लोग घरों की साफ-सफाई का काम करते हैं, वे अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे।

## चैन स्नैचिंग की शिकायत पर कंडक्टर ने थाने में यात्रियों समेत खड़ी कर दी बस, संदिग्धों से पूछताछ कर रही पुलिस

**बलौदा बाजार, 14 अप्रैल ( हाईवे चैनल )।** भाटापारा से बलौदा बाजार आ रही राधेश्याम बस सर्विस की बस में एक महिला चैन स्नैचिंग का शिकार हो गई. गले से सोने की चैन गायब होने का अहसास होते ही महिला ने कंडक्टर से शिकायत की, जिस पर कंडक्टर ने यात्री सहित बस को कोतवाली थाना में खड़ा कर दिया, जहां पुलिस संदिग्ध यात्रियों से पूछताछ कर रही है. जानकारी के अनुसार, पीड़ित महिला टाकेश्वरी साहू भाटापारा से अपने मायके ग्राम रवान के लिए बस में सवार हुई थी. ग्राम रवान में जब वह उतरने जा रही थी कि उसे अहसास हुआ कि उसके गले से सोने की चैन गायब है. उसने परिचालक दीपक ठाकुर से शिकायत की, जिस पर परिचालक ने देर न करते हुए यात्रियों सहित बस को कोतवाली थाना में ले जाकर खड़ा किया और पुलिस को सूचना दी. पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने बस में बैठे यात्रियों की जांच करते हुए उनके नाम-पते नोट किया, वहीं संदिग्ध महिलाओं से पूछताछ कर रही है.



कोतवाली थाना प्रभारी लखेश केंवट ने बताया कि राधेश्याम बस सर्विस की बस भाटापारा से बलौदा बाजार आ रही थी, इसी दौरान एक महिला यात्री चैन स्नैचिंग का शिकार हुई है. महिला की शिकायत पर जांच करते हुए संदिग्ध महिलाओं से पूछताछ की जा रही है।

# रेल यात्रियों को मिलेगी राहत, वलसाड-खड़गपुर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**बिलासपुर, 14 अप्रैल ( हाईवे चैनल )।** ग्रीष्मकालीन के दौरान यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से वलसाड-खड़गपुर-वलसाड के मध्य 02-02 फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है. गाड़ी संख्या 09043 वलसाड-खड़गपुर स्पेशल ट्रेन वलसाड से 15 और 22 अप्रैल 2026 (प्रत्येक बुधवार) को चलेगी. इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09044 खड़गपुर-वलसाड स्पेशल ट्रेन खड़गपुर से 17 और 24 अप्रैल 2026 (प्रत्येक शुक्रवार) को चलेगी. इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर स्टेशनों में दिया गया है।



गाड़ी संख्या 09043 वलसाड-खड़गपुर स्पेशल ट्रेन वलसाड से 15 और 22 अप्रैल 2026 (प्रत्येक बुधवार) को 12.50 बजे रवाना होगी तथा रास्ते के मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन गोंदिया आगमन 03.09 बजे, प्रस्थान 03.11 बजे, दुर्ग आगमन 05.03 बजे, प्रस्थान 05.08 बजे, रायपुर आगमन 05.43 बजे, प्रस्थान 05.48 बजे, बिलासपुर आगमन 07.55 बजे, प्रस्थान 08.10 बजे, होते हुये 21.00 बजे खड़गपुर स्टेशन पहुंचेगी. इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09044 खड़गपुर-वलसाड स्पेशल ट्रेन खड़गपुर से दिनाँक 17 एवं 24 अप्रैल 2026 (प्रत्येक शुक्रवार) को 05.00 बजे रवाना होगी तथा रास्ते के मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये बिलासपुर आगमन 15.25 बजे, प्रस्थान 15.35 बजे, रायपुर आगमन 17.25 बजे, प्रस्थान 17.30 बजे, दुर्ग आगमन 18.25 बजे, प्रस्थान 18.30 बजे, गोंदिया आगमन 20.35 बजे, प्रस्थान 20.37 बजे, होते हुये दूसरे दिन 15.30 बजे वलसाड स्टेशन पहुंचेगी।

इस स्पेशल ट्रेन में 01 एसएलआरडी, 01 पावर कार, 02 जनरल, 02 स्लीपर, 14 एसी-।।। कोच सहित कुल 20 एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। रास्ते में ये गाडियाँ दोनों दिशाओं में भेस्तान, नंदूरबार, भुसावल, बडनेरा, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर तथा टाटानगर स्टेशनों पर रुकेगी. यात्रियों से आग्रह किया गया है कि उक्त स्पेशल ट्रेनों की समय-सारिणी और ठहराव संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.enquiry.indian-rail.gov.in पर देखकर तदानुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

